C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 350 | बिजौलिया - सोमवार, 06 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## 500 करोड़ का मेगा साइबर फ्रॉड बेनकाबः पुणे से मास्टरमाइंड गिरफ्तार

### शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर देशभर में ठगी, फर्जी फाइनेंस कंपनियों से खुलवाए म्यूल खाते; हवाला और क्रिप्टो के जरिए विदेश भेजी जाती थी रकम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने शेयर बाजार में निवेश और ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर देशभर में करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस नेटवर्क के मुख्य मास्टरमाइंड युवराज सतीश मुदलियार (35) को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह ने एक ही व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए देशभर के लोगों से करीब 500 करोड़ रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दिया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) विजय कुमार सिंह ने बताया कि स्टेट साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में सेंधाराम चौधरी ने 16 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित को '105 IND STOCKS ADV' नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर शेयर बाजार में निवेश पर




भारी मुनाफे का लालच दिया गया था। तकनीकी जांच के दौरान पुलिस ने ग्रुप की चैट, मोबाइल नंबरों और बैंक खातों का विश्लेषण किया, जिससे पूरे देश में फैले एक बड़े साइबर ठगी नेटवर्क का खुलासा हुआ।

**ऐसे फंसाते थे शिकार**

गिरोह सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लोगों को घर बैठे ट्रेडिंग से मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देता था। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए निवेश पर कुछ रकम लाभ के रूप में वापस भेजी जाती थी। जब पीड़ित बड़ी रकम निवेश कर देता, तो ठग उसे ग्रुप से हटा देते और ग्रुप डिलीट कर फरार हो जाते।

**फर्जी फाइनेंस कंपनियों से तैयार करता था नेटवर्क**

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह पुणे में ग्रेस फाइनेंस, पॉजिटिव बैलेंस और गुरु फाइनेंस के नाम से फर्जी लोन कंपनियां संचालित करता था। लोन दिलाने के बहाने लोगों से पैन कार्ड, आधार, बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेज हासिल कर उनके नाम पर म्यूल बैंक खाते खुलवाए जाते थे। खाताधारकों को इसके बदले करीब 10 हजार रुपये का कमीशन दिया जाता था।

**हवाला और क्रिप्टो के जरिए विदेश भेजी जाती थी रकम**

ठगी की रकम इन म्यूल खातों में जमा होने के बाद उसे एटीएम से निकाला जाता था। इसके बाद हवाला नेटवर्क के माध्यम से बिनांस वॉलेट में स्क्षञ खरीदकर विदेशों में बेचा जाता था। इस पूरे नेटवर्क में आरोपी को करीब पांच प्रतिशत कमीशन मिलता था।

**विशेष टीम ने की कार्रवाई**

मामले की गंभीरता को देखते हुए उप महानिरीक्षक पुलिस (साइबर क्राइम) शांतनु कुमार सिंह के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी विश्लेषण और लगातार निगरानी के बाद पुलिस ने पुणे में दबिश देकर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया और ट्रांजिट वारंट पर जयपुर लाया गया। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों, बैंक खातों और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जांच में जुटी है।

## हाईकोर्ट सख्तः दूध से लेकर सब्जियों तक मिलावट पर राज्यभर में जांच के आदेश

### सरस, अमूल, लोटस और मदर डेयरी समेत सभी डेयरी एजेंसियों की होगी पड़ताल, गंदे पानी से खेती और असुरक्षित कीटनाशकों पर भी मांगी रिपोर्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान हाईकोर्ट ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सरकार को व्यापक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अदालत ने प्रदेशभर में दूध एवं डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता की जांच, गंदे पानी से सब्जियों की खेती पर रोक तथा असुरक्षित कीटनाशकों के उपयोग को लेकर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई केवल जयपुर तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे राजस्थान में समान रूप से लागू होगी।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा और न्यायाधीश मनीष शर्मा की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को निर्देश दिए कि सरस, अमूल, लोटस और मदर डेयरी सहित दूध एवं डेयरी उत्पादों का विक्रय करने वाली सभी




एजेंसियों का निरीक्षण किया जाए। जांच में यह भी परखा जाए कि ये संस्थाएं सिंथेटिक एवं मिलावटी दूध और डेयरी उत्पादों की रोकथाम के लिए कौन-सी तकनीक और व्यवस्था अपना रही हैं। निरीक्षण के बाद तैयार रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एमएस सिंघवी ने अदालत को बताया कि औद्योगिक उपयोग में आने वाले यूरिया का बड़े स्तर पर पशु आहार में इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पशुओं के शरीर में नाइट्रोजन और यूरिया की मात्रा बढ़ने का खतरा रहता है, जिसका सीधा असर दूध की गुणवत्ता और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

अदालत ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल से भी जवाब तलब करते हुए पूछा कि जयपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में गंदे पानी से सब्जियां और अन्य खाद्य फसलें उगाने वालों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि ऐसे मामलों में कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं और भविष्य में इसे रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं।


खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल राजधानी जयपुर तक सीमित नहीं रहेगा। प्रदेश के सभी जिला स्तरीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके क्षेत्र में गंदे पानी से सब्जियों और खाद्य फसलों की खेती नहीं हो।

सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष यह रिपोर्ट भी रखी गई कि देशभर में असुरक्षित कीटनाशकों के उपयोग के कारण अब तक 535 किसानों की मौत हो चुकी है। हाईकोर्ट ने इस रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेने के निर्देश दिए।

उधर, राज्य सरकार की ओर से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय ने खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूनों तथा उनकी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने सरकार को समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त तक स्थगित कर दी।

## अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई, 6 गिरफ्तार

### खारी नदी में चल रहा था रात के अंधेरे में खनन, 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी जब्त





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुलाबपुरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बजरी से भरे सात ट्रैक्टर-ट्रॉली और खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन जब्त की है। जब्त किए गए सभी वाहन बिना नंबर के पाए गए हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा खनिज विभाग को भी नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए सूचना भेजी गई है।

पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम हुरड़ा से आगे खारी नदी क्षेत्र में पहुंची, जहां रात के समय अवैध रूप से बजरी का खनन किया जा रहा था।

पुलिस ने मौके पर देखा कि जेसीबी मशीन से नदी क्षेत्र से बजरी निकालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी जा रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी बिना किसी वैध लाइसेंस अथवा परिवहन परमिट के बजरी का खनन कर उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाने की तैयारी में थे। पुलिस की कार्रवाई के दौरान मौके से सात ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन जब्त की गई, जिन्हें थाने में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

इस कार्रवाई में पुलिस ने मेवाराम (25) पुत्र देवी बैरवा निवासी नगर, थाना विजयनगर, आकाश नाथ (25) पुत्र मदन नाथ योगी निवासी नगर, थाना विजयनगर, सायरलाल (31) पुत्र गंगाराम गुर्जर निवासी जयसिंहपुरा, थाना विजयनगर, राजेश (27) पुत्र रामदेव मांभी निवासी नगर, थाना विजयनगर, किशन (26) पुत्र मूला गुर्जर निवासी जयसिंहपुरा, विजयनगर तथा राजूसिंह (31) पुत्र मगनसिंह रावत निवासी थाना मसूदा को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी संजय के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में जब्त वाहनों और खनन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। साथ ही खनिज विभाग को पूरे मामले से अवगत कराकर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## चलती कार में लगी भीषण आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

### एनएच-758 पर आधे घंटे की मशक्कत के बाद बुझी आग, शॉर्ट सर्किट से हादसे की आशंका



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

उदयपुर नेशनल हाईवे-758 पर रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया। कारोई थाना क्षेत्र में विनायक विद्यापीठ के समीप चलती कार में अचानक आग लग गई। इंजन से धुआं उठने के कुछ ही सेकंड बाद कार आग की लपटों में घिर गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल कार से बाहर छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार, कार भीलवाड़ा की ओर से आ रही थी। जैसे ही वाहन विनायक विद्यापीठ के पास पहुंचा, इंजन से धुआं निकलना शुरू हो गया। चालक कुछ समझ पाता, उससे पहले ही इंजन में आग भड़क उठी और देखते ही देखते लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चालक ने तुरंत कार का दरवाजा खोलकर बाहर छलांग लगा दी। उसके सुरक्षित बाहर निकलते ही आग ने पूरे वाहन को अपनी गिरफ्त में ले लिया। कुछ ही मिनटों में कार धू-धू कर जलने लगी और दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देने लगा। हाईवे पर चल रहे अन्य वाहन चालकों और राहगीरों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। आग की वजह से कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया, जबकि फायर ब्रिगेड की टीम ने लगातार प्रयास करते हुए करीब आधे घंटे बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। कारोई थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और तकनीकी कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## मेनाल झरने में छलांग लगाकर रिटायर्ड पुरातत्व कर्मचारी ने दी जान

### 150 फीट नीचे चट्टानों पर गिरने से हुई मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

चित्तौड़गढ़ जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मेनाल झरने पर शनिवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। पुरातत्व विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी ने 150 फीट गहरे झरने में छलांग लगा दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद शव को खाई से बाहर निकाला गया.





पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान बाबूलाल पिता उदयलाल हरिजन (62), मूल निवासी चित्तौड़गढ़, के रूप में हुई है। वे पुरातत्व विभाग से सेवानिवृत्त थे और पिछले करीब 40 वर्षों से अपने परिवार के साथ मेनाल में रह रहे थे।रारंभिक जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 10 बजे बाबूलाल घर से निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने उन्हें झरने की ओर जाते हुए देखा था। बताया जा रहा है कि घर में किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वे घर से चले गए। कुछ देर बाद उनके झरने में कूदने की सूचना मिली।सूचना मिलते ही बेंगू थाना प्रभारी कमल चंद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रात में अंधेरा और झरने की गहराई अधिक होने के कारण रेस्क्यू अभियान चुनौतीपूर्ण रहा। रविवार सुबह राहत दल ने झरने के नीचे चट्टानों के बीच फंसे शव को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।रारंभिक जानकारी के अनुसार करीब 150 फीट नीचे गिरने के दौरान बाबूलाल पानी की बजाय चट्टानों पर जा गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और मौत के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

C M Y K

# मानसून में गुलजार होगा ऊपरमाल, बिजौलिया के झरने बनेंगे पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण

## अभी कुछ स्थानों पर शुरू हुआ जलप्रवाह, अच्छी बारिश के साथ सभी प्राकृतिक पर्यटन स्थल आएंगे पूरे शबाब पर


मेनाल


भीमलत


भड़क


सेवनफॉल


मंदाकिनी


भड़क्या

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मानसून की शुरुआत के साथ ही बिजोलिया ऊपरमाल क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य निखरने लगा है। लगातार हो रही बारिश से पहाड़ियां हरियाली की चादर ओढ़ चुकी हैं और कई स्थानों पर झरनों में पानी का बहाव भी शुरू हो गया है। हालांकि अभी सभी झरने पूरी तरह सक्रिय नहीं हुए हैं, लेकिन मौसम विभाग के अनुसार अच्छी बारिश होने के साथ ही क्षेत्र के प्रमुख जलप्रपात अपने पूरे वेग से बहने लगेंगे। इसके साथ ही पर्यटन स्थलों पर लोगों की आवाजाही भी शुरू हो गई है।

भीलवाड़ा जिले में मानसून के दौरान बिजौलिया और ऊपरमाल क्षेत्र के प्राकृतिक पर्यटन स्थल हर वर्ष लोगों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहते हैं। जिले के अलावा चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी, अजमेर, उदयपुर और प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। परिवार और मित्रों के साथ लोग मानसून के दौरान यहां की प्राकृतिक वादियों, हरियाली और झरनों का आनंद लेने आते हैं।

### मानसून में इन स्थलों पर रहती है सबसे अधिक रौनक

बारिश का दौर तेज होने के साथ ही मेनाल जलप्रपात, भीमलत महादेव जलप्रपात, भड़क जलप्रपात, भड़क्या माता जलप्रपात, सेवन फॉल्स, सीता का कुंड और झरिया महादेव जलप्रपात सहित क्षेत्र के अन्य प्राकृतिक स्थल पर्यटकों से गुलजार हो जाते हैं। ऊंची पहाड़ियों से गिरती जलधाराएं, घने जंगल, बादलों से घिरी घाटियां और प्राकृतिक वातावरण मानसून में इन स्थलों की सुंदरता को कई गुना बढ़ा देते हैं।

इसके अलावा मंदाकिनी मंदिर, पार्श्वनाथ तपोभूमि और तिलस्वा महादेव जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल भी बारिश के मौसम में विशेष आकर्षण का केंद्र बन जाते हैं। प्रकृति, आस्था और इतिहास का संगम होने के कारण बिजौलिया का ऊपरमाल क्षेत्र मानसून पर्यटन के लिए जिले की सबसे महत्वपूर्ण पहचान माना जाता है।

### पहली तेज बारिश के बाद बढ़ेगी पर्यटकों की संख्या

स्थानीय लोगों के अनुसार अभी कुछ झरनों में ही पानी का बहाव शुरू हुआ है, जबकि अधिकांश बड़े जलप्रपात पहली अच्छी बारिश के बाद पूरी तरह सक्रिय होंगे। इसके बाद आगामी सप्ताहों में पर्यटकों की संख्या में भी तेजी से वृद्धि होने की संभावना है। प्रत्येक वर्ष अवकाश और सप्ताहांत पर हजारों लोग इन स्थलों पर पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं।

### सुरक्षा नियमों की पालना जरूरी

बारिश के मौसम में झरनों और नदी-नालों में अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पर्यटकों से अपील की गई है कि वे फिसलन वाली चट्टानों पर नहीं चढ़ें, तेज बहाव वाले पानी में प्रवेश नहीं करें तथा सेल्फी या वीडियो बनाने के लिए जोखिम न उठाएं। बच्चों पर विशेष निगरानी रखें और चेतावनी संकेतों का पालन करें।

### पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की आवश्यकता

मानसून में बढ़ती पर्यटकों की आवाजाही को देखते हुए प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पुलिस और प्रशासन की ओर से नियमित निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड, गश्त और आवश्यक रेस्क्यू संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है। इससे संभावित हादसों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा और पर्यटक सुरक्षित वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे।



QUICK BITES

## कालेड़ा कंवरजी की दोहती साक्षी जैन बनीं आईएएस, पहली बार ननिहाल पहुंचने पर मिला भव्य सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) ग्राम कालेड़ा कंवरजी की मूल निवासी परिवार की दोहती एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक (ढ्ढक्र)-37 प्राप्त करने वाली साक्षी जैन के पहली बार अपने ननिहाल आगमन पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। गांव में इस ऐतिहासिक उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल रहा।

चारभुजा मंदिर परिसर में आयोजित अभिनंदन समारोह में साक्षी जैन, उनके माता-पिता तथा नाना पक्ष के परिवारजनों का साफा बंधवाकर, माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर साक्षी जैन की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। अपने संबोधन में आईएएस अधिकारी साक्षी जैन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यदि उन्हें परिवार का सहयोग, बेहतर शिक्षा और सही मार्गदर्शन मिले तो वे देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता हासिल कर सकती हैं। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया।

समारोह में ग्राम पंचायत कालेड़ा कंवरजी के सरपंच अर्पित जोशी, पूर्व सरपंच गोपाल सिंह, गजानंद टेलर, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पूर्व उपसरपंच सुगनचंद जैन, संजय जैन, उत्तमचंद जैन, हंसराज लोधा, नरेंद्र सिंह, गोपाललाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## गंगापुर में 201पौधों का रोपण, देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।




भारत विकास परिषद् शाखा गंगापुर और राउंड टेबल भीलवाड़ा के संयुक्त प्रयास से 201 पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में रोपित पौधों की देखभाल और नियमित पानी पिलाने की जिम्मेदारी भी स्थानीय सदस्यों को सौंपी गई।

पर्यावरण प्रभारी नंदकिशोर तेली ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में यह एक सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि रोपित पौधों को जीवित रखने और उन्हें बड़े वृक्षों के रूप में विकसित करने के लिए सभी सदस्य सक्रिय रूप से प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् शाखा गंगापुर के अध्यक्ष चमन लोसर, पूर्व अध्यक्ष भेरूलाल सुराणा, चैनसुख, हरिवल्लभ शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। भीलवाड़ा राउंड टेबल 370 की ओर से चेयरमैन राघव समदानी, सचिव कोनार्क सबरवाल, मेंबर हर्ष अग्रवाल, कविश नाहर, डॉ. दिवाकर, सनी बोहरा, सोनाली गुप्ता, प्रियल शाह, पायल दरक, सकीना एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## नेतृत्वविहीन यूआईटी से विकास कार्य ठप, तीन साल से चेयरमैन और दो माह से सचिव का पद खाली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के नियोजित विकास की जिम्मेदारी संभालने वाला नगर विकास न्यास (यूआईटी) लंबे समय से नेतृत्व के अभाव से जूझ रहा है। यूआईटी में करीब तीन वर्षों से चेयरमैन का पद रिक्त है, जबकि 3 मई 2026 से सचिव का पद भी खाली होने के कारण प्रशासनिक कार्यों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। इसका सीधा असर आमजन पर पड़ रहा है, जिन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजकर यूआईटी में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग की है। जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब, संरक्षक हेमंत कोठारी और मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी ने बताया कि शीर्ष स्तर पर अधिकारियों की कमी के चलते कई महत्वपूर्ण फाइलें लंबित पड़ी हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि भूमि संबंधी प्रकरण, पट्टे, नामांतरण, लीज नवीनीकरण, भवन निर्माण स्वीकृति, एनओसी सहित विभिन्न योजनाओं से जुड़े मामले समय पर निस्तारित नहीं हो पा रहे हैं। इसका असर न केवल आमजन, बल्कि निवेशकों, व्यापारियों और निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोगों पर भी पड़ रहा है।

परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी संस्था के सुचारु संचालन के लिए सक्षम नेतृत्व आवश्यक होता है, लेकिन यूआईटी लंबे समय से बिना स्थायी चेयरमैन के काम कर रही है। अब सचिव का पद भी रिक्त होने से स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और विकास कार्यों की गति थम सी गई है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यूआईटी जैसी महत्वपूर्ण संस्था में लंबे समय तक शीर्ष पदों का खाली रहना चिंता का विषय है। इससे राज्य सरकार की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और नई परियोजनाओं की स्वीकृति पर भी असर पड़ रहा है। जिला संयोजक अनुराग बाबेल, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, सीए नवजोत सिंह जूनेजा, सीए बलबीर डागलिया, जिला महामंत्री ललित लोढ़ा, मुकेश मेडतवाल, सचिव कमल वैशनानी, संगठन मंत्री ज्ञानचंद पगारिया, सुरेंद्र लोढ़ा, दलपतराज खारीवाल, सुशील लोढ़ा, नौरतमल बाफना और विनोद सुखवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने सरकार से शीघ्र नियुक्तियां कर प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

# विधायक खंडेलवाल ने सिहपुरा में कक्षा कक्ष व सड़क और व्यास जी का बड़ला में सड़क का शिलान्यास





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के सिंहपुरा गांव में रविवार को मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के द्वारा कई विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया । नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने बताया कि आज रविवार को प्रातः 10 बजे सिंहपुरा गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के द्वारा सिगपुरा विद्यालय में डीएमएफटी फण्ड से स्वीकृत कक्षा कक्ष व सिंहपुरा से सुठेपा तक पक्की सड़क का शिलान्यास किया गया । वही व्यास जी का बड़ला गांव में मनकड़ी से व्यास जी का बड़ला वाया बंजारो का झोपड़ा तक सड़क का भी शिलान्यास किया गया । इससे पूर्व शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल, अध्यक्ष नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया । विधायक खंडेलवाल ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में और भी कई विकास कार्य है जो बहुत जल्द पूरे होंगे और कहा कि चुनाव में लोभ-लालच में ना आकर सही उम्मीदवार का चयन करें, ऐसा नहीं हो कि कुपात्र को पात्र और पात्र कुपात्र बना दो, ईमानदारी से अच्छा नेता को चुने । वही मंडल अध्यक्ष सांगावत ने कहा की आगामी चुनाव में कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें । इस दौरान विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, कोटड़ी पूर्व उप प्रधान बृजराज कृष्ण उपाध्याय, निवृतमान सीआर युवराज सिंह, जीवा खेड़ा पूर्व सरपंच शोभालाल जाट, सुरास प्रशासक प्रतिनिधि भैरूलाल सालवी, निवृतमान डीआर प्रतिनिधि भंवर सिंह राणावत, मंडल मंत्री अनिल शर्मा, दलपत सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी कैलाश टेलर, बूथ अध्यक्ष रोशन वैष्णव, मुकेश शर्मा, कमलेश व्यास, कमलेश अमरावत, लादू व्यास, कैलाश व्यास, रमेश शर्मा, रोशन जाट, कालू चोहान, देवराज सिंह, रामलाल गाडरी, शांति लाल सालवी, कैलाश पारीक, जसराज सांगावत, महेंद्र पांडे, रामेश्वर जाट नरेंद्र सिंह, जमनालाल जाट, कालूनाथ, शिव व्यास, शिव तेली, भेरू शर्मा, गोपाल बंजारा आदि कई मौजूद रहे ।।

# नारायणी सेना की जिला कार्यकारिणी का विस्तार, देवउठनी एकादशी पर होगा सेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

## हरणी महादेव स्थित बालाजी मंदिर में हुई बैठक, मां नारायणी वार्षिक महोत्सव का लेखा-जोखा भी किया प्रस्तुत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



हरणी महादेव स्थित बालाजी मंदिर परिसर में नारायणी सेना की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मां नारायणी वार्षिक महोत्सव-2025 का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया तथा संगठन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसके साथ ही मां नारायणी के बैनर तले सेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन देवउठनी एकादशी पर आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

कार्यकारी जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार सेन रेणवास ने बताया कि बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज में एकजुटता बढ़ाने तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शीघ्र प्रारंभ की जाएंगी। बैठक में नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

बैठक में वरिष्ठ संरक्षक पद पर प्रहलाद सेन (कोटड़ी), संस्था संयोजक पद पर कमलेश सेन (बिजोलिया) तथा संरक्षक के रूप में कैलाश सेन (बड़लियास), प्रकाश सेन (पीपली), दिलखुश सेन (भीलवाड़ा), गोपाल सेन (सुरास), जमनालाल सेन (मांडलगढ़), राधेश्याम सेन (सिंगोली), छोगालाल सेन (सुवाणा), नंदराम सेन (हरणी), भंवर सेन एवं भैरू सेन (मंगरोप) तथा महावीर सेन (दात्तड़ा) को मनोनीत किया गया।

उपाध्यक्ष पद पर कमलेश सेन (रूपाहेली), सतु सेन (बाकरा), मुकेश सेन (पांसल), किशन सेन (रेणवास), महावीर सेन (जयअम्बे), घनश्याम सेन (बासा का तस्वीरिया), सावर सेन (मेघरास) एवं सुनील सेन (मांडल) सहित अन्य पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

जिला मंत्री पद पर सोनू सेन (रिठ), निरंजन सेन (समेलिया), दिनेश सेन (आटूण), राजू सेन (नंदराय), सनी सेन (हरणी), कमलेश सेन (हरणी), कालू सेन (सरदार नगर), छोटू सेन (मुंडेता), मुकेश सेन (ककरोलिया घाटी), छोटू सेन (आटूण), मुकेश सेन (तिलस्वां), सत्यनारायण सेन (रेणवास) एवं पवन सेन (भीलवाड़ा) को नियुक्त किया गया।

इसी प्रकार जिला महामंत्री पद पर गोपाल सेन (समेलिया), सावर सेन (भोजरास), सतुजी (पांडोलाई), विष्णु सेन (पनोतिया), कालू सेन (बिलिया) एवं ईश्वर सेन (लखमणियास), संगठन मंत्री पद पर महेंद्र सेन (महुआ), हरि सेन (हरणी), मोहन सेन (हलेड़), शंभू सेन (सालरा), राजू सेन (बागोर) एवं नारायण सेन (हरणी) को जिम्मेदारी दी गई।

जिला महासचिव पद पर प्रकाश सेन (पीपली), महेंद्र सेन (भोजरास) एवं लोकेश सेन (मंशा), सह सचिव पद पर रामलाल सेन, सुरेश सेन (हलेड़), गोपाल सेन (हलेड़) एवं किशन सेन (आकोला), सह कोषाध्यक्ष पद पर कालूजी सेन, भैरू सेन एवं मुकेश सेन (बागुदार), मीडिया प्रभारी के रूप में जगदीश सेन एवं तुलसीराम सेन को मनोनीत किया गया।

महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी में कविता सेन को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सदस्य के रूप में फतेहलाल सेन (सिंगोली), रामरतन सेन (आमली बंगला), हेमंत सेन (बनेड़ा), रतन सेन (गंगापुर), तेजमल सेन (खेराड़), ताराचंद सेन (ढोकलिया), भरत सेन (शक्करगढ़) एवं मुकेश सेन (बागुदार) सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया।

बैठक में प्रहलाद सेन, कमलेश सेन, सोनू सेन, दिलखुश सेन, कैलाशचंद्र, छोगालाल सेन, राधेश्याम सेन, हरिशंकर सेन, महेशचंद्र सांवरिया, महेंद्र सेन, हंसा सेन, दीपलता सेन, ताराचंद सेन, बलवीर सेन, शिवलाल सेन, अमित सेन सहित सेन समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर, बूथ स्तर तक डिजिटल अभियान और शक्ति केंद्रों को मजबूत करने की रणनीति

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को शाहपुरा विधायक कार्यालय में मासिक बैठक आयोजित की। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के आयोजन, पौधारोपण अभियान तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में शक्ति केंद्रों को सक्रिय करने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष जीवराज गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मंडल के सभी पदाधिकारियों को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर कम से कम 20-20 प्रमाण पत्र तैयार करवाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं तथा संगठन के अभियानों की जानकारी डिजिटल माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि कार्यकर्ताओं की दक्षता बढ़े और बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता मजबूत हो।

बैठक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को प्रत्येक बूथ स्तर पर उत्साहपूर्वक मनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही 'एक पेड़ डॉ. मुखर्जी के नाम' अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से पौधारोपण करने और उसकी फोटो सरल ऐप पर अपलोड करने का आग्रह किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण का संदेश इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

संगठन के विस्तार को लेकर बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत में शक्ति केंद्र प्रमुखों की नियुक्ति को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। मंडल अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों से नए नाम शीघ्र प्रस्तावित किए जाएं, ताकि शक्ति केंद्रों का गठन समयबद्ध तरीके से पूरा कर संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा बूथ स्तर की गतिविधियों को गति देने पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का आह्वान किया और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प दिलाया।

बैठक में मंडल महामंत्री कृष्णगोपाल शर्मा एवं भेरू गाडरी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण कुमावत, संदीप पटवारी, हीरालाल बैरवा, प्रेमशंकर शर्मा, विकास मीणा, कमल रायका, मुकेश शर्मा, नंदलाल खारोल, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म विधानसभा सह संयोजक सुरेश भाट सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कच्ची बस्तियों में बिना मान्यता संचालित विद्यालयों की जांच कराने की मांग

## लाडो स्पोर्ट्स एकेडमी ने कहा- श्रमिक परिवारों के बच्चों का भविष्य दांव पर, प्रशासन चलाए विशेष अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

लाडो स्पोर्ट्स एकेडमी ने शहर एवं आसपास की कच्ची बस्तियों में बिना मान्यता संचालित निजी विद्यालयों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से व्यापक जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। एकेडमी का कहना है कि ऐसे विद्यालयों में बड़ी संख्या में दिहाड़ी मजदूर एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे अध्ययन कर रहे हैं, जबकि उनके अभिभावकों को विद्यालयों की मान्यता की जानकारी नहीं होती। एकेडमी के संस्थापक एडवोकेट लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि हाल ही में जिला शिक्षा विभाग द्वारा चार विद्यालयों के विरुद्ध बिना मान्यता अथवा बिना विभागीय स्वीकृति के स्थान परिवर्तन कर विद्यालय संचालित किए जाने की कार्रवाई सामने आई है। उनका कहना है कि यह समस्या केवल कुछ विद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की कई कच्ची बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे विद्यालय संचालित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का संवैधानिक अधिकार है। यदि कोई छात्र वर्षों तक ऐसे विद्यालय में अध्ययन करता है जिसकी मान्यता नहीं है, तो उसके शैक्षणिक भविष्य, प्रमाण-पत्र एवं आगे की पढ़ाई पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। सबसे अधिक प्रभावित गरीब एवं श्रमिक परिवार होते हैं, जो बेहतर शिक्षा की उम्मीद से अपने बच्चों को विद्यालय भेजते हैं। राठौड़ ने प्रशासन से पूरे जिले में विशेष अभियान चलाकर सभी निजी विद्यालयों की मान्यता की जांच कराने, बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा ऐसे विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का निकटवर्ती मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने श्रमिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने की भी आवश्यकता बताई।

# विशाल रक्तदान शिविर में 470 यूनिट रक्त संग्रहित, समाज का दिखा सेवा-भाव , रावणा राजपूत समाज ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान, भीलवाड़ा के तत्वाधान में रविवार को नगर निगम टाउन हॉल में आनंदपाल अपघात सेवा समिति एवं सर्व समाज के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आनंद सेवा समिति लाडनूं के संस्थापक अध्यक्ष मंजीत पाल सिंह चौहान ने शिरकत की, कार्यक्रम की अध्यक्षता रावणा राजपूत समाज के आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल सिंह बडगूजर, कोठाज ग्राम पंचायत से लगातार तीसरी बार सरपंच गोपाल सिंह कानावत एवं सुख-दुख में समाज के साथ खड़े रहने वाले, सभी समाजों को रक्त की पूर्ति करवाने वाले आनंदपाल



अपघात सेवा समिति के जिला अध्यक्ष हरिकिशन सिंह कानावत रहे।

जिला प्रवक्ता श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान सोराज सिंह चौहान ने बताया कि शिविर के दौरान समाज के युवाओं, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। शिविर में कुल 470 यूनिट रक्त संग्रहित कर भीलवाड़ा ब्लड बैंक ,रामसनेही ब्लड बैंक, महात्मा गांधी ब्लड बैंक, कोटडी श्याम ब्लड बैंक टीम को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष, सभी तहसील अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई गई एवं संगठन पदाधिकारियों, विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं, समस्त रक्तदाताओं एवं भामाशाहों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि मंजीत पाल सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रावणा राजपूत समाज ने हमेशा देश-धर्म के लिए बलिदान दिया है और आज मानवता के लिए रक्तदान कर एक नई मिसाल कायम की है। '

कार्यक्रम के अध्यक्ष जब्बर सिंह सांखला कहा कि संस्थान का उद्देश्य समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। इस तरह के शिविर आगे भी लगातार आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह गुड्डा ने सभी रक्तदाताओं, भामाशाहों, ब्लड बैंक टीम एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# कामाख्या धाम में साधना के बाद महंत हीरा लाल जोगी का हुआ नामकरण, अब 'महंत हीरा नाथ' के नाम से होंगे विख्यात

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

छोटा रुणिचा धाम के गादीपति महंत हीरा लाल जोगी ने असम के गुवाहाटी स्थित प्रसिद्ध श्री मां कामाख्या धाम में पांच दिवसीय साधना पूर्ण करने के बाद दिल्ली स्थित कालका पीठ में आयोजित नामकरण संस्कार में नया आध्यात्मिक नाम ग्रहण किया। अब वे महंत हीरा नाथ के नाम से जाने जाएंगे।

महंत हीरा नाथ ने बताया कि गुवाहाटी के नीलांचल पर्वत पर स्थित श्री मां कामाख्या धाम देश के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है और यह संतों एवं साधकों की साधना का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि 51 शक्तिपीठों में शामिल इस सिद्ध पीठ पर मां भगवती की प्रतिमा के स्थान पर योनिरूप (योनि-कुंड) की पूजा-अर्चना की जाती है, जिसका विशेष आध्यात्मिक महत्व है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष अंबुबाची पर्व के दौरान मंदिर के कपाट तीन दिनों के लिए बंद रहते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस अवधि में मां



भगवती रजस्वला होती हैं। इसके बाद कपाट खुलने पर श्रद्धालुओं को मां का पावन अंगवस्त्र प्रसाद स्वरूप प्राप्त होता है। इस अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में संत और श्रद्धालु पहुंचकर जगत कल्याण की कामना से साधना एवं आराधना करते हैं।

पांच दिवसीय साधना पूर्ण करने के बाद महंत हीरा नाथ दिल्ली स्थित कालका पीठ पहुंचे, जहां पीठाधीश्वर योगी सुरेंद्रनाथ जी अवधूत ने वैदिक विधि-विधान से उनका नामकरण संस्कार संपन्न कराया। इसके साथ ही उनका आध्यात्मिक नाम 'महंत हीरा नाथ' घोषित किया गया।

# ककरोलियां माफी स्कूल में बदहाल व्यवस्थाएं, गंदे शौचालय और जर्जर कक्षों के बीच पढ़ने को मजबूर बच्चे

## 65 नामांकित विद्यार्थियों वाले विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, ग्रामीणों ने शिक्षण व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

(सांवर वैष्णव)। कस्बे के निकटवर्ती ककरोलियां माफी गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी और अव्यवस्थाओं का मामला सामने आया है। कोटा राजमार्ग से करीब तीन किलोमीटर दूर सातोला का खेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय में शौचालयों की गंदगी, जर्जर कक्ष, पेयजल व्यवस्था की कमी तथा परिसर में हरियाली के अभाव जैसी समस्याएं बच्चों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं।

शनिवार को विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बालिकाओं के शौचालयों में गंदगी का अंबार मिला। विद्यालय खुलने के बाद भी शौचालयों की सफाई नहीं कराई गई, जिससे छात्राओं को मजबूरी में गंदे शौचालयों का उपयोग करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में यहां सांप-बिच्छू या अन्य जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है।

विद्यालय भवन के हालात भी चिंताजनक बताए गए हैं। हाल ही में मरम्मत होने के बावजूद कई कक्षा-कक्षों में सीलन दिखाई दे रही है तथा दीवारों पर दरारें उभर आई हैं। एक कक्षा के पीछे पानी भरा हुआ मिला, जिससे भवन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।


विद्यालय में बच्चों के लिए पेयजल की टंकी खाली मिली, जबकि बर्तन साफ करने के लिए बनाई गई टंकी में जाले लगे





हुए थे। वहीं मिड-डे मील तैयार करने वाले कक्ष की टीनशेड छत कई स्थानों से क्षतिग्रस्त है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान छत से पानी टपकने और कीड़े-मकोड़ों के भोजन में गिरने की आशंका बनी रहती है।

विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक कुल 65 विद्यार्थियों का नामांकन है, जिनमें शनिवार को 32 विद्यार्थी ही उपस्थित मिले। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में शिक्षक समय पर नहीं पहुंचते और बच्चों की पढ़ाई तथा खेल गतिविधियों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। इससे अभिभावकों का सरकारी विद्यालयों से विश्वास कम होता



जा रहा है।

**कार्यवाहक प्रधानाचार्य बोले- जल्द होगी सफाई**

कार्यवाहक प्रधानाचार्य देबी सिंह भालावत ने बताया कि भवन की मरम्मत करने वाले ठेकेदार को मौखिक रूप से अवगत करा दिया गया है। बालिकाओं के शौचालयों की सफाई भी जल्द करवा दी जाएगी।

**प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठे मिले शिक्षक**

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में एक शिक्षक नरेंद्र कुमार प्रधानाचार्य की कुर्सी पर बैठकर विद्यालय की जानकारी देते नजर आए, जबकि कार्यवाहक प्रधानाचार्य देबी सिंह भालावत पास में दूसरी कुर्सी पर बैठे थे। यह स्थिति भी चर्चा का विषय बनी रही।

**इनका कहना है**

मैने चार-पांच महीने पहले विद्यालय का निरीक्षण किया था। वर्तमान स्थिति की जानकारी नहीं है। मामले की रिपोर्ट मंगवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**अशोक पारीक , ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**

## QUICK BITES

# अच्छी बारिश की कामना के साथ बाकरा में गांव बाहर भोज, इंद्र देव को लगाया भोग

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



क्षेत्र में अच्छी बारिश और खुशहाली की कामना को लेकर रविवार को ग्राम बाकरा में आषाढ़ी पंचमी के अवसर पर गांव बाहर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीण बड़ी संख्या में परिवार सहित शामिल हुए और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ देवी-देवताओं एवं इंद्र देव को भोग अर्पित कर अच्छी वर्षा की प्रार्थना की।

पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि गांव में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। प्रत्येक वर्ष आषाढ़ी पंचमी पर ग्रामीण गांव के बाहर सामूहिक भोज का आयोजन करते हैं तथा अच्छी बारिश, भरपूर फसल और गांव की सुख-समृद्धि की कामना के साथ देवी-देवताओं को भोग लगाते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण समय पर अच्छी बारिश किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी विश्वास और आस्था के साथ हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का भी संदेश देखने को मिला। भोज में महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे गांव में धार्मिक और उत्सवी वातावरण बना रहा।

# समान नागरिक संहिता पर सुझाव लेने आज होगी जनसुनवाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान समान नागरिक संहिता-2026 के संबंध में आमजन के सुझाव प्राप्त करने के लिए सोमवार को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। अजमेर संभाग स्तर पर होने वाली यह जनसुनवाई जिला कलेक्ट्रेट, अजमेर के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से आयोजित होगी, जिसमें भीलवाड़ा सहित संभाग के जिलों के साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने सुझाव दे सकेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भीलवाड़ा जिले की जनसुनवाई सोमवार को दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक होगी। इस दौरान सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, सभी धर्मों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता, शिक्षाविद, सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे। जनसुनवाई की अध्यक्षता राजस्थान समान नागरिक संहिता-2026 के सदस्य एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के अतिरिक्त महाधिवक्ता बसंत कुमार छाबा करेंगे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्राप्त होने वाले सभी अभ्यावेदन एवं सुझावों का तहसीलवार एवं जिलावार संधारण किया जाएगा।

संभागीय आयुक्त शक्तिसिंह राठौड़ ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों से निर्धारित समय पर जनसुनवाई में शामिल होकर अपने सुझाव देने की अपील की है।

# त्रिवेणी में 7 जुलाई को होगा निरंकारी संत समागम

भीलवाड़ा फोकस @मांडलगढ़।



त्रिवेणी में सत्संग स्थल का जायजा लेते निरंकारी मंडल के सन्त

7 जुलाई को त्रिवेणी संगम महादेव मंदिर परिसर स्थित साहू (तेली) समाज धर्मशाला में निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा।

समागम में हिंडोली (बूंदी) से महात्मा जसविंदर सिंह (मुखी एवं ज्ञान प्रचारक) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देंगे। आयोजन को लेकर मांडलगढ़ क्षेत्र के स्थानीय संतों एवं सेवादारों द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

# बागोर के नवनियुक्त थानाधिकारी बछराज जाट का स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।



बागोर थाना के नवनियुक्त थानाधिकारी बछराज जाट के पदभार ग्रहण करने पर पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दशरथ वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान साफा बंधवाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर दशरथ वर्मा ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय, संवाद एवं विश्वास से ही कानून व्यवस्था मजबूत होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि थानाधिकारी बछराज जाट के नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और आमजन की समस्याओं के समाधान की व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी। नवनियुक्त थानाधिकारी जाट ने स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आमजन को निष्पक्ष एवं बेहतर पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। स्वागत कार्यक्रम में भीलवाड़ा एमएलवी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मयंक पारीक, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नारायणलाल बेरवा, गुरला एससी मोर्चा अध्यक्ष भीमराव बेरवा, राजीव गांधी ब्रिगेड ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश बसीटा, पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष विजय आचार्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।